अध्यक्ष डिटयर एफ. उकडोर्फ द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार

एक सुखी परिवार की कुंजी

महान रूसी लेखक लिओ टॉल्सटॉय ने अपना उपन्यास एना कैरेनीना का आरंभ इन शब्दों के साथ किया थाः ''सुखी परिवार सब एकसमान होते हैं; प्रत्येक दुखी परिवार उसके अपने तरीके में दुखी हैं ।''[1] मेरा पास जबकि टॉलस्टॉय की तरह निश्चितता नहीं है कि सुखी परिवार सब एकसमान होते हैं, मैंने एक बात का पता किया है जो सामान्य होती हैः उनके पास दूसरों की अपूर्णता को क्षमा करने और भूलने और अच्छी बातों को देखने का तरीका होता है ।

दूसरी ओर वे जो दुखी परिवार में हैं, अक्सर गलती ढूंढते, ईर्ष्या करते, और अतीत की गलतियों को भूलते नहीं हैं ।

''हाँ, लेकिन ...'' आरंभ करते हैं उनसे जो दुखी होते हैं । ''हाँ, लेकिन तुम नहीं जानते हो उसने मुझे कितनी बुरी तरह से चोट पहुंचाई है,'' एक कहता है । ''हाँ, लेकिन तुम नहीं जानते वह कितना बुरा है,'' दूसरा कहता है ।

शायद दोनों सही हैं; शायद कोई भी नहीं ।

कई श्रेणी के अपराध होते हैं । कई श्रेणी की चोटें होती हैं । लेकिन मैंने ध्यान दिया है कि हम अक्सर अपने गुस्से को सही बताते हैं और अपने अंतःकरण को दूसरों को कहानी सुना कर दिलासा देते हैं जोकि उनके कामों को अक्षम्य और स्वार्थी बताती है, साथ ही, हमारे स्वयं की प्रवृति को शुद्ध और मासूम बता कर ऊपर उठाती है ।

राजकुमार का कुत्ता

13 वीं शताब्दी की एक राजकुमार के बारे में वेल्स की एक पुरानी कथा है जिसने घर वापस आकर पाया कि उसके कुत्ते के चेहरे से खून टपक रहा था । व्यक्ति दौड़कर अंदर गया और, देखकर भय से घबरा गया कि उसका छोटा बेटा गायब था और उसका पालना उलटा पड़ा था । गुस्से में राजकुमार ने अपनी तलवार निकाली और अपने कुत्ते को मारा डाला । थोड़ी देर बाद, उसने अपने बेटे के रोने की आवाजा सुनी—बच्चा जिंदा था ! शिशु की बगल में मरा हुआ भेड़िया पड़ा था । कुत्त ने, असल में, राजकुमार के बच्चे को खूंखार भेड़िए से बचाया था ।

यद्यपि यह कहानी एक नाटकीय है, यह एक बात दर्शाती है । यह इस संभावना को स्पष्ट करती है कि जो कहानी हमें बताती है कि क्यों दूसरे ऐसा व्यवहार करते हैं जो हमेशा तथ्यों पर आधारित नहीं होतै—कई बार हम तथ्यों को जानना ही नहीं चाहते हैं । हम अपनी कड़वाहट को और रोष को थामे रखकर अपने गुस्से को उचित ठहराते हैं । कई बार ये ईर्ष्याएं महिनों या सालों तक बना रहता हैं । कभी-कभी ये आजीवन चलता हैं ।

एक विभाजित परिवार

एक पिता अपने बेटे को उस मार्ग से भटक जाने पर क्षमा नहीं कर सकता है जो उसे सीखाया गया था । लड़के के ऐसे मित्र थे जिनकी अनुमत्ति पिता ने नहीं दी थी, और इसके अलावा उसने बहुत से ऐसे काम किए जिन्हें पिता ने उसे करने से मना किया था । इस कारण ने पिता और बेटे के बीच में दरार पैदा कर दी थी, और लड़का जितनी जल्दी घर छोड़ सकता था, उसने घर छोड़ दिया और कभी वापस नहीं आया । वे कभी-कभार बातें करते थे ।

क्या पिता ने उचित महसूस किया ? शायद ।

क्या बेटे ने उचित महसूस किया ? शायद ।

मैं केवल इतना जानता हूं कि यह परिवार विभाजित और दुखी हो गया था क्योंकि न पिता और न ही बेटा एक दूसरे को क्षमा कर सकते थे । वे एक दूसरे के प्रति कड़वी यादों को नहीं भूल पाए थे । उन्होंने अपने हृदयों में प्रेम और क्षमा के स्थान पर गुस्से को भर दिया था । प्रत्येक ने अपने-आप से दूसरे के जीवन को भलाई के लिए प्रभावित करने के अवसर को लूट लिया था । उनके बीच का विभाजन इतना गहरा और चौड़ा हो गया था कि प्रत्येक अपने स्वयं के भावनात्मक द्वीप में अकेला रह गया था ।

सौभाग्य से, स्वर्ग में हमारा प्रेमी और बुद्धिमान अनंत पिता ने इस घमंड की खाई को भरने का माध्यम उपलब्ध कराया है । यह महान और अनंत प्रायश्चित क्षमा और मेल का सर्वोच्च कर्म है । इसकी क्षमता मेरी समझ से परे है, लेकिन इसकी वास्तविकता और सर्वश्रेष्ठ शक्ति की अपने संपूर्ण हृदय और प्राण से मैं गवाही देता हूं । उद्धारकर्ता ने हमारे पापों की कीमत चुकाने के लिए अपने-आपको दे दिया था । उसके द्वारा हम क्षमा पाते हैं ।

कोई परिवार परिपूर्ण नहीं है

हम में से कोई भी बिना पाप के नहीं है । हम में से प्रत्येक, आप और मैं भी, गलतियां करते हैं । हम सभी घायल हुए हैं । हम सभी ने दूसरों को घायल किया है ।

यह हमारे उद्धारकर्ता के बलिदान द्वारा होता है कि हम उत्कर्ष और अनंत जीवन पा सकते हैं । जब हम उसके मार्गो को स्वीकार कर लेते और अपने हृदयों को कोमल बना कर अपने घमंड पर विजय पाते हैं, हम अपने परिवार में और अपने व्यक्तिगत जीवन में मेल और क्षमा ला सकते हैं । अधिक क्षमा करने वाला बनने में, मेल करने के लिए आगे बढ़ने में, पहले क्षमा मांगने में बेशक गलती हमसे न हुई हो, पुरानी द्वेष को एक ओर करने और उसे समाप्त करने, में परमेश्वर हमारी मदद करेगा । परमेश्वर का धन्यवाद, जिसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, और बेटे का, जिसने अपना जीवन हमारे लिए दे दिया ।

हम प्रतिदिन हमारे लिए परमेश्वर के प्रेम को महसूस कर सकते हैं । क्या हम अपना थोड़ा बहुत अपने साथी को नहीं दे सकते जैसा इस प्रिय गीत में सीखाया गया है ''Because I Have Been Given Much'' ?[2] प्रभु ने हमारे लिए क्षमा पाने का द्वार खोला है । क्या यह उचित नहीं होगा कि हम अपने स्वयं के अहंकार और घमंड को एक तरफ रख दें और क्षमा के उस आशीषित द्वार को उनके लिए खोल दें जिनसे हम सघंर्ष करते हैं—विशेषरूप से हमारे स्वयं के परिवार के सभी लोग ?

अंत में, सुख परिपूर्णता से नहीं आता है लेकिन दिव्य सिद्धांतों को लागू करने से आता है, यहां तक की छोटे से काम से भी । प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद ने घोषणा की है : ''पारिवारिक जीवन में सुख पाने के संभावना तब बहुत अधिक होती है जब इसकी स्थापना प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर की जाती है । सफल विवाह और परिवार विश्वास, प्रार्थना, पश्चाताप, *क्षमा,* आदर, प्रेम, करूणा, कार्य, और हितकारी गतिविधियों सिद्धांतों पर स्थापित और बनाए जाते हैं ।''[3]

क्षमा को इन सरल सच्चाइयों के ठीक मध्य में रखा गया है, जो हमारे स्वर्गीय पिता की सुख की योजना में पाई जाती हैं । क्योंकि क्षमा सिद्धांतों को जोड़ती है, यह लोगों को जोड़ती है । यह एक कुंजी है, यह बंद दरवाजों को खोलती है, यह एक ईमानदार मार्ग की शुरूआत है, और एक सुखी परिवार के लिए सर्वोत्तम आशाओं में से एक है ।

काश परमेश्वर हमें अपने परिवार में थोड़ा अधिक क्षमा करने वाला, एक दूसरे को अधिक क्षमा करने वाला, और शायद स्वयं अपने-आपको भी क्षमा करने वाला होने में मदद करे । मैं प्रार्थना करता हूं कि हम क्षमा को उस शानदार तरीके के रूप में अनुभव करे जो अधिकत्तर परिवारों में एकसमान है ।

विवरण

1. Leo Tolstoy, *Anna Karenina,* trans. Constance Garnett (2008), 2 ।
2. "Because I Have Been Given Much," स्तुति गीत सं. 219 ।
3. "The Family: A Proclamation to the World," *Liahona,* नव. 2010, 129; जोर देकर जोड़ा गया है ।

इस संदेश से शिक्षा

''जब आप प्रत्येक पाठ को तैयार करते हैं, अपने आप से पूछें कैसे इस सिद्धांत को परिवार के सदस्यों ने अपने स्वयं के जीवन में अनुभव किया है'' (*Teaching, No Greater Call* [1999], 171) । परिवार के सदस्यों को क्षमा के साथ हुए उनके सकारात्मक अनुभवों को बांटने के लिए निमंत्रण दें । क्षमा की आशीषों पर जोर देते हुए, इन अनुभवों पर चर्चा करें । एक दूसरे को क्षमा करने के महत्व की गवाही देते हुए समाप्त करें ।

युवा

प्रार्थना और शांति

लॉरन डब्ल्यू द्वारा

एक शाम मैंने अपनी माँ के साथ बहस की और बहुत बुरा महसूस किया । इसलिए मैंने प्रार्थना करने का निर्णय किया । यद्यपि मेरा मिजाज खराब था और मैं ''आत्मिक'' नहीं बनना चाहती थी, फिर भी मैं जानती थी कि प्रार्थना करने से मुझे खुशी महसूस करने में मदद मिलेगी और मैं कम बहस करूंगी । माँ के कमरे के बाहर जाने के बाद, मैंने प्रार्थना शुरू की । ''प्रिय स्वर्गीय पिता, मैं आज रात आपके पास आयी हूं क्योंकि ...'' नहीं । मैंने अपनी आंखें खोली और अपनी बाहों को खोला; यह अच्छा नहीं था । मैंने फिर से प्रयास किया । ''स्वर्गीय पिता, मैं चाहती हूं ...'' यह भी अनजाना सा लगा । मैंने महसूस किया शैतान प्रयास कर रहा था कि मैं स्वर्गीय पिता से मदद के लिये प्रार्थना न करूं ।

अचानक मैनें प्रोत्साहन महसूस किया आपका धन्यवाद हो कहने का ! तब मैंने ऐसा किया, और मेरे मन में बहुत सी बातें आने लगी जिनके लिए मुझे अपने स्वर्ग के पिता को धन्यवाद देना चाहिए । जब मैंने धन्यवाद दे दिया, मैंने वर्तमान समस्या की चर्चा की ।

इसके बाद मैंने बहुत अच्छी शांति अपने अंदर महसूस की, एक गर्म आत्मिक अनुभूति कि मैं जानती हूं हमारे स्वर्गीय पिता और मेरे माता-पिता

मुझे प्रेम करते हैं और कि मैं परमेश्वर की बच्ची हूं । मैं अपनी माँ से क्षमा मांगने और उनकी क्षमा को स्वीकार करने के योग्य थी ।

बच्चे

क्षमा खुशी लाती है

अध्यक्ष उकडोर्फ सीखाते हैं कि हमें अपने परिवार के सदस्यों को क्षमा करना चाहिए । देखें कैसे जोसफ और ऐना के चुनावों ने उनके परिवार को प्रभावित किया था ।

जोसफ और उसकी छोटी बहन, ऐना, एकसाथ खेल रहे हैं । ऐना जोसफ का खिलौना उससे छीन लेती है । जोसफ को क्या करना चाहिए ?

जोसफ ऐना पर गुस्सा करता है । ऐना रोती है । जोसफ की माँ उसे अपनी बहन के साथ लड़ाई करने के लिए सजा देती है । जोसफ को दुख होता है कि उसने गलत चुनाव किया ।

जोसफ ऐना को क्षमा करता है और दूसरे खिलौने से खेलने लगता है । वे मिलकर खुश होकर खेलते हैं । उनकी माँ खुश है कि जोसफ अपनी बहन के साध दयालु है और परिवार में शांति बनी रहती है । जोसफ क्षमा करने के चुनाव के लिए खुशी महसूस करता है ।

बाद में, जोसफ और ऐना रात का भोजन की तैयारी करने में अपनी माँ की मदद करने की जरूरत है । जोसफ मदद नहीं करता है । ऐना को क्या करना चाहिए ?

ऐना माँ से शिकायत करती है । ऐना बहस करती है उसे सारा काम अकेले करना पड़ेगा । रात के खाने पर बहस के कारण सभी दुखी हैं ।

ऐना जोसफ को क्षमा करती है और रात का भोजन की तैयारी में मदद करती है । उनकी माँ ऐना की मदद के लिए आभारी है । परिवार रात के खाने पर एकसाथ होने पर खुश है । ऐना अच्छा महसूस करती है कि उसने क्षमा करने का चुनाव किया ।

कैसे क्षमा करने के *आपके* चुनाव आपके परिवार की खुशी को प्रभावित करते हैं ?

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । *First Presidency Message, October 2012* का अनुवाद । Hindi । 10370 294

हमारे अनुबंधों का सम्मान करना

प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें ।

विश्वास, परिवार, सहायता

भेंट करने वाली शिक्षा हमारी शिष्यता की अभिव्यक्ति और हमारे अनुबंधों का सम्मान करने का एक तरीका है जब हम एक दूसरे की सेवा करते और मजबूती देते हैं । अनुबंध परमेश्वर और उसके बच्चों के बीच में एक पवित्र और स्थाई प्रतिज्ञा होती है । ''जब हम महसूस करते हैं कि हम अनुबंध के बच्चे हैं, हम जानते हैं हम कौन हैं और परमेश्वर हम से क्या चाहता है,'' बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर रसल एम. बलार्ड ने कहा था । ''उसके नियम हमारे हृदयों में लिखे हैं । वह हमारा परमेश्वर है और हम उसके लोग हैं ।''[1]

भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में जिनसे हम भेंट करते हैं हम उन्हें उनके पवित्र अनुबंधों का पालन के उनके प्रयासों में मजबूती दे सकती हैं । ऐसा करने से, हम उन्हें अनंत जीवन की आशीषों के लिए तैयारी करने में मदद करती हैं । ''इस गिरजे में प्रत्येक बहन जिसने प्रभु के साथ अनुबंध बनाए हैं उसके पास, आत्माओं को बचाने, संसार की स्त्रियों का मार्गदर्शन करने, सिय्योन के घरों को मजबूती देने, और परमेश्वर के राज्य का निर्माण करने का दिव्य अधिकार है,''[2] बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर रसल बलार्ड ने कहा था ।

जब हम पवित्र अनुबंधों को बनाते और पालन करते हैं, हम परमेश्वर के हाथों के औजार बन जाते हैं । हम स्पष्ट रूप से अपने विश्वासों को बताने और स्वर्गीय पिता और यीशु मसीह में एक दूसरे के विश्वास को मजबूती देने के योग्य होंगे ।

धर्मशास्त्रों से

1 नफी 14:14; मूसायाह 5:5–7; 18:8–13; सिद्धांत और अनुबंध 42:78; 84:106

हमारे इतिहास से

मंदिर ''सभी संतों के लिए धन्यवाद देने का एक स्थान है,'' 1833 में प्रभु ने भविष्यवक्ता को प्रकट किया था । यह ''उन सबों के लिए निर्देश पाने का स्थान है जिन्हें बहुत सी नियुक्तियों और पदों पर सेवा के काम को करने के लिए नियुक्त किया गया है; कि वे अपनी सेवकाई की समझ में, विद्या में, नियमों में, और सिद्धांतों में, और पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य से संबंधित सभी बातों में परिपूर्ण किए जा सकें'' (सि और अनु 97:13–14) ।

सहायता संस्था की बहनों ने 1840 में इलिनोए, नावू में एक दूसरे को मंदिर धर्मविधियों के लिए तैयार होने में मदद की थी । उच्च पौरोहित्य की धर्मविधियों में जिन्हें अंतिम-दिनों के संतों ने नावू मंदिर में पाया था, ''धार्मिकता की शक्ति प्रकट हुई [थी]'' (सि और अनु 84:20) । ''जैसे संतों ने अपने अनुबंधों का पालन किया, इस शक्ति ने आने वाले दिनों और सालों में उनकी परिक्षाओं का सामना करने में उन्हें मजबूती और सर्मथन दिया था ।''[3]

आज गिरजे में, सारे विश्व में विश्वासी स्त्रियां और पुरूष मंदिर में सेवा करते हैं और उन आशीषों में बल प्राप्त करते हैं जो केवल मंदिर अनुबंधों द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं ।

विवरण

1. Russell M. Nelson, "Covenants," *Liahona,* नव. 2011, 88 ।
2. M. Russell Ballard, "Women of Righteousness," *Liahona,* दिस. 2002, 39 ।
3. *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 133 ।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. मेरे अनुबंध मुझे कैसे शक्ति देते हैं ?

2. मैं कैसे बहनों की उनके अनुबंधों का पालन करने में मदद कर रही हूं ?

अधिक सूचना के लिए, www.reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । *Visiting Teaching Message, October 2012* का अनुवाद । Hindi । 10370 294